# BASL–301

## काव्य, दर्शन एवं व्याकरण

कला में स्नातक (बीए–12 / 16 / 17)

तृतीय वर्ष, सत्र 2017

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 80

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भगवद्गीता के अनुसार आत्म-तत्व का विवेचन कीजिए।
2. निष्काम कर्म को परिभाषित करते हुए कर्मयोग पर प्रकाश डालिए।
3. अनुमान प्रमाण का लक्षण देते हुए इसके भेदों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।
4. संस्कृत गद्य साहित्य में 'शिवराजविजय' का क्या स्थान है ? विशद विवेचन कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'गम्' धातु के 'लृट् लकार' में सम्पूर्ण रूप लिखिए।
2. विसर्ग-सन्धि किसे कहते हैं ? सोदाहरण समझाइए।
3. 'तर्कसंग्रह' के अनुसार कर्म के पाँचों भेदों की व्याख्या कीजिए।
4. 'तर्कसंग्रह' के अनुसार बुद्धि का लक्षण देते हुए उसके भेदों की चर्चा कीजिए।
5. गीता महाभारत का अंश है, इसको स्पष्ट कीजिए।
6. "योगः कर्मसु कौशलम्" की व्याख्या कीजिए।
7. "यज्ञाद् भवति पर्जन्यो" की वैज्ञानिकता को स्पष्ट कीजिए।
8. अम्बिकादत्त व्यास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए—

1. 'श्रीमद्भगवद्गीता' किसकी रचना है ?
2. 'शिवराजविजय' के लेखक कौन हैं ?

3. "नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः" प्रस्तुत पद्य कहाँ से उद्धृत है ?

4. 'तर्कसंग्रह' में कितने पदार्थ बताये गए हैं ?

5. 'तर्कसंग्रह' के लेखक कौन हैं ?

6. 'पठति' किस काल का रूप है ?

7. 'अद्यापि' शब्द का अर्थ क्या है ?

8. 'केषाम्' में कौन-सी विभक्ति है ?

9. 'सुध्युपास्य' में कौन-सी सन्धि है ?

10. "संयोगः" में कौन-से सूत्र के अनुसार 'अनुस्वार' हुआ है ?